## एक नजर में

### अवैध मदिरा विक्रय के विरुद्ध कार्रवाई,57325 रूपए की मदिरा जब्त




**बुरहानपुर।** कलेक्टर हर्ष सिंह के आदेश तथा जिलाआबकारी अधिकारी पार्थसारथी शर्मा के मार्गदर्शन में वृत नेपानगर के ग्राम सिवल मे दिनांक 26/12/25 को अवैध मदिरा विक्रय के विरुद्ध कार्रवाई की गई ग्राम सिवल में महिलाओ द्वारा अवैध मदिरा विक्रय की शिकायत की गयी थी इस आधार पर दबिश की कार्रवाई की गई। घरों में सर्चिंग अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान चार घरों में अवैध मदिरा मिलने से आबकारी अधिनियम के तहत चार प्रकार कायम किए गए, 52 पाव प्लेन देशी मदिरा एवं 7 लीटर हाथ भट्ठी मदिरा जप्त की गयी 6 घरों में तलाशी के दौरान किसी भी प्रकार का मादक द्रव्य बरामद नहीं होने से खाली तलाशी पंचनामा बनाया गया। दिनांक 27/12/25 को व्रत दक्षिण के लोखंडिया मेला क्षेत्र के एवं आसपास के गांव गुलाई लोखंडिया नांदुरा जामनिया खकनार मेल चुका आदि ग्रामों में अवैध मदिरा विक्रय के विरुद्ध कार्यवाही की गई 6 आरोपियों सहित कुल 10 प्रकरण कायम किये जाकर विवेचना में लिए गए इस दौरान 64 लीटर हाथ भट्टी मदिरा प्लेन देसी मदिरा के 23 पाव जप्त किए गए 375 किलो ग्राम तैयार महुआ लहान मौके पर सैंपल लेकर नष्ट किया गया। उक्त दोनों दिवस मे जप्त शुदा मदिरा का बाजार मूल्य लगभग 57325/–रूपये है उक्त कार्यवाही में आबकारी वृत नेपानगर एवं वृत दक्षिण प्रभारी शेरसिंह मोरे,आबकारी उप निरीक्षक आरक्षक नरेन्द्र कुमरावत नगर सैनिक कैलाश चौहान एवं हेमेंद्र पाटिल सम्मिलित रहे, इस प्रकार कीकार्रवाईनिरंतर जारी रहेगी।

### 6 मकानों में घुसे चोर, घर का सामान बिखेरा, सीसीटीवी में कैद हुई करतूत



**नेपानगर।** नगर की डी.वन कॉलोनी में शुक्रवार की रात करीब 12 बजे से 2 बजे के बीच 8 से अधिक अज्ञात बदमाशों ने 6 घरों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। ताले तोड़कर घुसे अज्ञात बदमाशों ने घरों का सारा सामान बिखेर दिया। चोरी भी हुई हैए लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस मामले में किसी भी मकान मालिक ने नेपानगर थाने में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई। वहीं लोगों की मांग है कि इस तरह चोरों के हौंसलें बुलंद होंगे। पुलिस को इस मामले में खुद ही संज्ञान लेना चाहिए। दरअसल डी.वन कॉलोनी में अशोक देव, जगदीश जवादे,राजेंद्र चौहान,राजेंद्र और मोहन केशरी के घर अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया।इसके अलावा पीपी अस्थाना और यूएस द्विवेदी के घर पर भी चोरों ने रेकी की। डी.वन कॉलोनी में सभी नेपा मिल के आवास है। यहां निवासरत लोग कभी कभार ही यहां आते हैं। घरेलू सामान के अलावा ज्यादा कुछ नहीं रहता।इसीलिए कहा जा रहा है कि किसी ने कोई शिकायत नहीं की,जबकि मौके पर सोनाए चांदी के खाली बॉक्स भी पड़े मिले। कपड़े सहित अन्य घरेलू सामग्री तितर बितर थी।आरोपी सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गए और एक साथ करीब आठ की संख्या में क्षेत्र में दो घंटे तक घूमते रहे, लेकिन किसी की नजर नहीं पड़ी।जब पुलिस सायरन बजाते हुए पहुंची तो बदमाश भाग निकले।

**किसी ने शिकायत नहीं दर्ज कराई:–** डी वन कॉलोनी में अज्ञात बदमाशों ने घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम देने का प्रयास किया। लेकिन किसी भी मकान मालिक ने शिकायत दर्ज नहीं कराई है।मामले की जांच की जा रही है।. ज्ञानू जायसवाल, थाना प्रभारी नेपानगर

### बलात्संग के प्रकरण में आरोपी को 10 वर्ष कारावास

**शाहपुर।** थाना शाहपुर के वर्ष 2024 के बलात्संग के प्रकरण में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपी को 10 वर्ष के कारावास एवं 1000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। थाना शाहपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बाराडोली अरूण पिता एडु पवार आयु 44 वर्षए निवासी ग्राम बाराडोली थाना शाहपुर द्वारा महिला के साथ जोर जबरजस्ती कर ले जाकर उसके साथ बलात्संग का कृत्य किया गया था। जिस पर आरोपी के विरुद्ध थाना शाहपुर पर अपराध क्रमांक 442ध्2024ए अंतर्गत धारा 376, 376;2, द,376, 2,I, 294, 323, 341,366,भादवि प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। अपराध की 'विवेचना उप निरीक्षक श्री अजय सिंह चौहान' द्वारा की गई थी। अपराध में विवेचना उपरांत दिनांक 13ण्09ण्24 को माननीय न्यायालय में अभियोग पत्र पेश किया गया था। उक्त अपराध में



**आरोपी:–**अरूण पिता एडु पवार उम्र 44 वर्ष निवासी ग्राम बाराडोली थाना शाहपुर जिला बुरहानपुर को माननीय विशेष न्यायालय द्वारा धारा 366, 376 एवं 376 ,2,द भारतीय दंड संहिता आरोपी को 10 वर्ष का कारावास व 1000/– रुपये का अर्थदंड से दण्डित किया गया है। है।प्रकरण में शासन की ओर से सफलतापूर्वक पैरवी विशेष लोक अभियोजक श्याम देशमुख द्वारा की गई थी।

### बाल हित एवं सुरक्षा विषयों पर जागरूकता कार्यशाला



**बुरहानपुर।** कलेक्टर श्री हर्ष सिंह के निर्देशन में जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा निरंतर जागरूकता गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत शासकीय बालक.बालिका छात्रावास बहादरपुर में विद्यार्थियों के लिए जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती भारती आवास्या ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यशाला में विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्टए गुड टच.बैड टचए मानसिक स्वास्थ्य एवं बाल हितों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों को बाल विवाह के संबंध में जागरूक करते हुए बाल विवाह के सामाजिकए मानसिक एवं स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्परिणामों तथा कानूनी प्रावधानों एवं दंड की जानकारी भी गई। कार्यशाला में बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ भी ली गई।

# सत्य, धर्म और आत्मसम्मान की रक्षा के लिए उम्र कभी बाधा नहीं बनती : डॉ. माने

**भारतीय जनता पार्टी द्वारा वीर बाल दिवस कार्यक्रम श्रद्धा एवं प्रेरणा के साथ आयोजित।**







**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** सिख धर्म और गुरु साहिबान की महान कुर्बानियों को जन.जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी ने देश के 768 जिलों में साहिबजादों की शहादत को समर्पित महाअभियान अंतर्गत आज बुरहानपुर में गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों की वीरता,बलिदान और गुरु साहिबान के उपदेशों को समाज के हर वर्ग और हर क्षेत्र तक पहुंचाने की योजना तहत एकत्रीकरण किया।21 से 27 दिसंबर को वीर बाल दिवस सप्ताह पर विशेष रूप से आयोजित कार्यक्रम में सरदार इंदरसिंघ चावला, भाई गुरुदयाल सिंह,भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने, युवा नेता समर्थ चिटनिस ,जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य बलराज नावानी ने वर्तमान परिपेक्ष्य में गुरु पुत्रो का बलिदान और समाज हेतु संदेश पर चर्चा करते हुए वक्ताओं द्वारा अधर्मियों को समझना कितना जरूरी! जन जागृति क्यों जरूरी जैसे विषयों पर विचार व्यक्त किए। गुरुद्वारों में शबद कीर्तन, साहिबजादों की शहादत पर फिल्म प्रदर्शन और जागरूकता कार्यक्रम को भाजपा ने विभिन्न संगठनों के माध्यम से आयोजित कराया।

सिख और सनातन इतिहास के अमर शहीद वीर साहिबज़ादों बाबा ज़ोरावर सिंह एवं बाबा फ़तेह सिंह के अद्वितीय साहस,बलिदान और धर्मनिष्ठा को स्मरण करते हुए आज वीर बाल दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा शहर में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों एवं नागरिकों ने साहिबज़ादों के बलिदान को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति गीत, भाषण, कविता पाठ के माध्यम से साहिबज़ादों की वीरता और अन्याय के विरुद्ध उनके अडिग संकल्प को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा महामंत्री चिंतामन महाजन ने किया।

मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने ने अपने संबोधन में कहा कि वीर बाल दिवस हमें यह संदेश देता है कि सत्य, धर्म और आत्मसम्मान की रक्षा के लिए उम्र कभी बाधा नहीं बनती। धर्म और मानवता की रक्षा के लिए साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी का पावन बलिदान युगों.युगों तक हम सभी को प्रेरित करता रहेगा। वरिष्ठ नेता इंदरसिंह चावला ने कहा साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह ने सिखाया कि सत्य और धर्म की रक्षा उम्र नहीं देखती। उनका बलिदान बताता है कि आस्था, साहस और स्वाभिमान के आगे अत्याचार टिक नहीं सकता। उनकी शहादत की स्मृति में 26 दिसंबर को श्वीर बाल दिवस मनाया जाता है।

भाजपा नेता बलराज नावानी ने अपने संबोधन में कहा बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह सिख इतिहास के अमर बाल वीर हैं। वे दसवें सिख गुरु,श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबज़ादे थे। उनकी वीरता, धर्मनिष्ठा और बलिदान आज भी पूरे देश को प्रेरणा देता है। सन् 1705 में जब मुग़ल शासक औरंगज़ेब के आदेश पर सरहिंद के सूबेदार वज़ीर ख़ान ने गुरु गोबिंद सिंह जी और उनके परिवार पर अत्याचार किए, तब गुरु जी का परिवार बिछुड़ गया।इसी दौरान माता गुजरी जी अपने दो छोटे पोतोंकृसाहिबज़ादा जोरावर सिंह ;लगभग 9 वर्ष और साहिबज़ादा फतेह सिंह लगभग 6 वर्ष के साथ अलग हो गई।ठंड और भूख से जूझते हुए वे सरहिंद पहुँच,जहाँ विश्वासघात के कारण उन्हें पकड़ लिया गया। बच्चों को वज़ीर ख़ान के दरबार में पेश किया गया। वहाँ उनसे कहा गया कि यदि वे इस्लाम स्वीकार कर लें, तो उन्हें सुख.सुविधाएँ और सम्मान मिलेगा। लेकिन इतनी कम उम्र में भी दोनों साहिबज़ादों ने अडिग साहस दिखाया और साफ़कहा. हम अपना धर्म परिवर्तन नहीं करेंगे। उनकी यह दृढ़ता देखकर मुगल दरबार स्तब्ध रह गया। अंततः अत्याचारी आदेश दिया गया कि दोनों बच्चों को ज़िंदा दीवार में चुनवा दिया जाए। असहनीय पीड़ा के बावजूद साहिबज़ादे अपने विश्वास पर अडिग रहे।इसी दौरान माता गुजरी जी को ठंडे बुर्ज में कैद रखा गया था, जहाँ अपने पोतों की शहादत का समाचार सुनकर उन्होंने भी प्राण त्याग दिए।

जोरावर जोर से बोल, फतेह सिंह शेर सा बोला।रखो ईंटें भरो गारे, चुनो दीवार हत्यारे।

हमारी सांस बोलेगी, हमारी लाश बोलेगी। यही दीवार बोलेगी, हजारों बार बोलेगी।

हमारे देश की जय हो, पिता दशमेश की जय हो।हमारे पंथ की जय हो, श्री गुरु ग्रंथ की जय हो।

उपरोक्त जानकारी भाजपा के जिला सह मिडिया प्रभारी राकेश कुमार पुर्वे ने देते हुवे बताया कि कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित लोगों ने देश की एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता इंदरसिंह चावला, जिला सलाहकार समिति सदस्य बलराज नावानी, महामंत्री चिंतामन महाजन,उमा कपूर,गुरुदयालसिंह, सुदामा नावानी, समर्थ चिटनिस,राजेश सुखवानी, राजकुमार वासवानी, अमर लालवानी, दीपक महाजन, मनोज फुलवानी, निलेश सोनी उपस्थित रहे।

# संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से हुई थी ऑनलाइन धोखाधड़ी

**सायबर सेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 हजार से अधिक की राशि पीड़ित के खाते में कराई वापस।**



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन मे जिला बुरहानपुर के सभी थानो पर सायबर हेल्प डेस्क की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है अतः सायबर संबंधी शिकायते संबंधित थानो के माध्यम से त्वरित दर्ज करायी जा सकती है। शिकायतकर्ता अहमदउल्लाए निवासी खानका वार्ड द्वारा थाना कोतवाली मे आवेदन प्रस्तुत किया गया था जिसपर थाना कोतवाली में सायबर हेल्प डेस्क आरक्षक महेन्द्र प्रताप द्वारा त्वरित शिकायत दर्ज की गयी थी।

शिकायत में बताया गया कि फरियादी जिसकी कपड़ो की दुकान हैए जिसके मोबाईल मे अंजान नंबर से संदिग्ध लिंक आयी थी जिसपर क्लिक करने से,आवेदक के बैंक खाते से कुल 2,802/– रुपये की राशि युपीआई ट्रांज़ैक्शनों के माध्यम से स्थानांतरित हो गयी थी जिससे आवेदक को शक हुआ कि मेरे साथ फ्राड हुआ है शिकायत मे युपीआई ट्रांज़ैक्शनों के माध्यम से फ्रॉडस्टर ने पीड़ित के खाते से कुल 27,802/– की धोखाधड़ी कर ली।शिकायतकर्ता के साथ धोखाधड़ी होने के बाद पीड़ित ने तुरंत ही थाना कोतवाली मे अपनी शिकायत करने पहुचेए जिसपर पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन में सायबर हेल्प डेस्क कोतवाली से आरक्षक महेन्द्र प्रताप द्वारा शिकायत को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए तत्काल नेशनल सायबर क्राईम रिपोर्टिंग पोर्टल पर वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज की गई।

पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन में सायबर टीम साइबर सेल प्रभारी प्रीतम सिंह ठाकुर, आरक्षक दुर्गेश पटेल, सत्यपाल बोपचे, ललित चौहानए शक्तिसिंह तोमर तथा सायबर हेल्प डेस्क कोतवाली से आरक्षक महेन्द्र प्रताप द्वारा विभिन्न बैंकए से निरंतर समन्वय स्थापित किया गया।टीम के त्वरित व प्रभावी प्रयासों के परिणामस्वरूप फ्रॉड की गई राशि से 24,013/– को सफलतापूर्वक होल्ड कराया गया तथा विधिक एवं तकनीकी प्रक्रिया पूर्ण करते हुए उक्त राशि पीड़ित अहमदउल्ला के बैंक खाते में सुरक्षित रूप से रिफंड करा दी गई।

पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार ने साइबर सेल टीम तथा सायबर हेल्प डेस्क कोतवाली से आरक्षक महेन्द्र प्रताप के उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए उन्हें प्रकरण निराकरण हेतु उत्कृष्ट योगदान के लिए बधाई दी है।

**आमजन हेतु साइबर सुरक्षा सलाहः–**किसी भी संदिग्ध ईमेलए लिंकए ल्ब्ध थ्पसम या ऐप पर क्लिक न करें। अपनी बैंकिंग जानकारीए व्ज्च्ए पासवर्ड या न्च्प् च्प्छ किसी भी व्यक्ति को न दें। केवल आधिकारिक कस्टमर केयर नंबरों से ही संपर्क करें। यदि कोई ऑनलाइन फ्रॉड हो जाए तो तुरंत 1930 पर कॉल करें या शिकायत दर्ज कराए, तुरंत शिकायत करने से राशि रिकवरी की संभावना बढ़ती है।

## मुख्यमंत्री डॉ .मोहन यादव का जिले में आगमन प्रस्तावित



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादव का बुरहानपुर जिले में 4 जनवरीए 2026 को आगमन प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यक्रम को सुव्यवस्थितए गरिमामय एवं सफल रूप से संपन्न कराने हेतु जिला प्रशासन पूरी तत्परता एवं सजगता के साथ तैयारियों में जुट गया है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री हर्ष सिंह एवं एसपी श्री देवेन्द्र पाटीदार ने संयुक्त रूप से शनिवार को रेणुका कृषि उपज मंडी में प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था,साफ सफाई, यातायात प्रबंधन, हेलीपेड सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की स्थिति देखी। कलेक्टर श्री सिंह ने कार्यक्रम स्थल पर सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को टेंट व्यवस्थाए साउंडए पेयजलए बैरिकेटिंग,बिजली आपूर्ति, पार्किंग व्यवस्था तथा आमजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वयता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया।इस दौरान अपर कलेक्टर वीरसिंह चौहान सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## मैनेजमेंट विभाग द्वारा दी इंटरप्रेन्योर फन फेयर



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानुपर।** सेवासदन महाविद्यालय, बुरहानपुर के मैनेजमेंट के छात्र/छात्राओं में इंटरप्रेन्योर (उद्यमी) होने के गुण विकसित करने एवं भविष्य में स्वयं के बिजनेस प्रारंभ करने की षिक्षा प्रदान करने के उद्देष्य से इंटरप्रेन्योर फन फेयर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मैनेजमेंट विभागाध्यक्ष डॉ. षिवानी मेहरा ने बताया कि बीबीए के छात्र/छात्राओं द्वारा विभिन्न खाद्य व्यंजनों जैसे चाय, मोमोज, दाबेली, होम मेड चॉकलेट, केक, चना चाट, पानी पुरी इत्यादि के स्टॉल लगाये गये और उद्यमी होने की कला का अभ्यास किया। इस अवसर पर सेवासदन शिक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती तारिका वीरेन्द्रसिंहजी ठाकुर ने दी इंटरप्रेन्योर फन फेयर कार्यक्रम की सराहना की एवं छात्र/छात्राओं में इंटरप्रेन्योर होने हेतु प्रेरित कर उज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही ठाकुर आदित्यवीर सिंह, श्रीमती कर्णिकासिंह ठाकुर, प्राचार्य डॉ. एस.एम. शकील, डॉ. हर्षद दीक्षित ने भी उक्त कार्यक्रम की सराहना की तत्पष्चात महाविद्यालयीन समस्त स्टॉफव विद्यार्थियों ने विभिन्न व्यंजनों का लुत्फउठाया और इस आयोजन पर हर्ष व्यक्त किया। उक्त कार्यक्रम की सफलता पर सेवासदन षिक्षा समिति सचिव श्री हसमुखलाल जरीवाला, मैनेजर मनीष पटेल ने हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. अनीष पटेल, प्रो. शैलेन्द्र सिकरवार, डॉ. धनराज पाटिल, प्रो. सिद्धी कानूगो सहित महाविद्यालयीन स्टॉफएवं बडी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## भक्तों के मन में आतुरता का भाव देख भगवान दौड़े चले आते हैं : पंडित आदित्य मुखिया





**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** भगवान भक्तों का भाव है और भक्तों के चरित्र में जब यह भाव आता हैं और इस भाव में ईश्वर निहित है प्रभु भक्तों के मन में ईश्वर के दर्शन हो इसके पहले उसके मन में प्रभु दर्शन की आतुरता पैदा होना चाहिए भक्त की आतुरता प्रकट करने के बाद ईश्वर स्वयं आकर दर्शन देते हैं। संतभ की तरह सीधे और सरल होने वाले भक्तों के अंदर ईश्वर का वास होता है जो धर्म को टिकाये रकता है वही स्तंभ है ।इसी सतंभ में ईश्वर है वहां रूप और धन के भूखे नहीं है वह केवल भाव के भूखे हैं जो प्रेम से स्मरण करता है वही भक्त प्रहलाद की तरह होते है। जहां राम होते हैं वहां काम नहीं रहता यह विचार भागवत कथा के चतुर्थ दिवस प्रवचन के दौरान आदित्य मुखिया जी ने प्रकट करते हुए कहा एक समय में 60 सेकंड से लेकर एक मन मंतर समय की गणना करते हुए के कल्पतक की गणना करते हुए एक दिवस की जानकारी दी।

आपने बताया कि प्रथम अध्याय मे गज मोक्ष की कथा बताते हुए कहा कि जब गजेंद्र ने जल पुष्प कमल तोड़कर प्रभु के चरणों में अर्पित कर भगवान विष्णु को पुकारा था तब नग्न पैर गए को बचाने दौड़े चले आए और मगरमच्छ से गंज की रक्षा की इसी प्रकार द्रोपदी ने चीर हरण के समय परिवार की चिंता छोड़कर प्रभु की पुकार की तब प्रभु ने उसकी लाज बचाई भगवान भक्त वत्सल है भगवान भक्तों की पुकार पर तुरंत दौड़े चले आते हैं वैष्णव को गीता का अध्याय विष्णु सहस्त्र नाम रामायण सहस्त्र पांच रत्नों का अध्ययन करना चाहिए भगवान के रंग बताते हुए कहां ब्रह्मा का रंग लाल विष्णु का रंग नीला जब महादेव कालकूट जहर पी रहे थे तब उन्होंने विष्णु का नाम स्मरण किया इससे शिव का कंठ नीला हुआ और इसे नील कंठेश्वर कहलाए गए अपने भगवान के वामन अवतार और विराट अवतार की कथा सुनाई। आज का प्रमुख आकर्षण वामन भगवान का पूजन निगम महापौर माधुरी अतुल पटेल एवं पूर्व महापौर अतुल पटेल ने किया। 100 अश्वमेध यज्ञ करने वाला यज्ञ स्वर्ग का अधिकारी हो जाता है।

श्रोता में प्रमुख यजमान श्रीमती माधुरी अतुल पटेल कथा संयोजक अतुल पटेल,अजय नटवरलाल,महेंद्र पारीक,राजेंद्र भाई जालान पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह, लक्ष्मीपोद्दार रश्मि देवड़ाए प्रमोद गढ़वाल,कैलाश शर्मा,महेंद्र पोद्दार,मुकेश डालमिया महेश जोशी, लोकराम गोयल,विजय गुप्ता ,पवन लाड़ ,प्रमोद जी,जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को, रामावतार फौजदार धीरेंद्र सिंह सिकरवार,सुरेंद्र बिड़ला गोकुल चंद्रमां के सेवक प्रमोद लाल, विनोद लाड़ आदि उपस्थित थे कथा समापन के बाद ग्रन्थ की आरती कर महा प्रसादी का वितरण किया गया।

**एक नजर** — अर्चना चिटनिस के नेतृत्व में उद्योग प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से की भेंट......

# बुरहानपुर के औद्योगिक और टैक्सटाइल विकास को लेकर रखी मांगे : चिटनिस



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश, रोजगार सृजन एवं टेक्सटाइल क्षेत्र के सतत विकास को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस के नेतृत्व में बुरहानपुर जिले के उद्योग प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से भोपाल में सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर बुरहानपुर जिले में संचालित एवं प्रस्तावित औद्योगिक परियोजनाओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक, रचनात्मक एवं विकासोन्मुख चर्चा की गई तथा उद्योग हित से जुड़े सुझाव प्रस्तुत किए गए।

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने श्रीमती अर्चना चिटनिस एवं प्रतिनिधिमंडल द्वारा रखे गए सुझावों को गंभीरता से सुना और औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए आवश्यक परीक्षण एवं समन्वय का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को विषयों पर समन्वयपूर्वक कार्यवाही के निर्देश भी दिए। प्रतिनिधिमंडल में प्रदीप केड़िया, रवि पोद्दार, सुरेश लखोटिया, धनेंद्र पुरोहित सहित अन्य उद्योगपति उपस्थित रहे।

**निंबोला का निजी औद्योगिक क्षेत्रकृस्थानीय विकास की मजबूत पहलः–** श्रीमती चिटनिस एवं प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि बुरहानपुर जिले के ग्राम निंबोला में मेसर्स फेयरडील एक्सपोर्ट को.ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड द्वारा लगभग 54 एकड़ भूमि पर एक सुव्यवस्थित निजी औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। इस औद्योगिक क्षेत्र में सड़क, जल निकासी, भू.खंड विकास एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं पर अब तक लगभग 9.50 करोड़ रुपए की राशि व्यय की जा चुकी है, जिससे क्षेत्र में उद्योगों की स्थापना के लिए अनुकूल वातावरण निर्मित हुआ है।

**शासन की नीति से मिला प्रोत्साहन, समयबद्ध प्रक्रिया में तेजी की रखी मांगः–** प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि मंत्री परिषद की स्वीकृति के पश्चात सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के आदेश दिनांक 20 मई 2022 के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र विकास पर किए गए व्यय का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 10 करोड़ रुपए अनुदान के रूप में दिए जाने का प्रावधान किया गया है। संस्था द्वारा किए गए व्यय के अनुरूप अनुपातिक प्रो.राटा आधार पर भुगतान होने से विकास कार्यों को और अधिक गति मिलेगी तथा आगामी चरण के कार्य सुचारु रूप से पूर्ण किए जा सकेंगे।

**नक्शा संशोधन.तकनीकी प्रक्रियाए शीघ्र समाधान की अपेक्षाः–** प्रतिनिधिमंडल ने जानकारी दी कि औद्योगिक क्षेत्र का मूल नक्शा वर्ष 2020 में टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग द्वारा अनुमोदित किया जा चुका है। बाद में मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी को भूमि आवंटन से संबंधित तकनीकी आवश्यकता के चलते नक्शे में संशोधन किया गया, जो वर्तमान में प्रक्रियाधीन है। प्रतिनिधियों ने आशा व्यक्त की कि संबंधित विभागों के समन्वय से यह प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण होगी, जिससे औद्योगिक क्षेत्र का विकास और तीव्र गति से आगे बढ़ सकेगा।

**टेक्सटाइल उद्योग.सरकारी प्रयासों को और सुदृढ़ करने का सुझावः–** प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि टेक्सटाइल उद्योग प्रदेश में रोजगार सृजन का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। यदि बिजली दरों में उपलब्ध प्रोत्साहनों को और अधिक प्रभावी बनाया जाए, तो मध्यप्रदेश का टेक्सटाइल उद्योग अन्य राज्यों के समकक्ष और अधिक प्रतिस्पर्धी बन सकता है, जिससे निवेश, उत्पादन एवं रोजगार में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस ;दीदीद्ध ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार औद्योगिक विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। श्रीमती चिटनिस ने विश्वास व्यक्त किया कि संबंधित विभागों के समन्वय से औद्योगिक अनुदान से जुड़े प्रकरणों का शीघ्र निराकरण होगा, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग की प्रक्रियाएं समयबद्ध पूर्ण होंगी तथा बुरहानपुर जैसे औद्योगिक जिलों में निवेश और रोजगार को नई दिशा मिलेगी।